15/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने लोगों को पुलिस, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने की सलाह दी है। मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर सरकारी अधिकारियों के छद्म रूप में साइबर अपराधियों द्‍वारा धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट की शिकायतें बड़ी संख्या में सामने आ रही हैं।

मंत्रालय ने कहा है कि कई पीड़ितों ने ऐसे अपराधियों के कारण बड़ी मात्रा में धन खो दिया है। इसमें कहा गया, यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और पता चला है कि इसे सीमा पार अपराध सिंडिकेट द्‍वारा संचालित किया जाता है। मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि वे ऐसी घटना की सूचना तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.in पर दें। 0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनायक ने आज सिक्किम के लोगों को उनके 49वें राज्य स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में रहने वाले सिक्किम के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य की शांति और प्रगति में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने स्वच्छता, जीवंत पर्यटन और जैविक खेती के मामले में देश के बाकी हिस्सों के लिए सबसे अच्छे उदाहरणों में से एक होने के लिए सिक्किम की सराहना की।

0000000000000000000

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स नई दिल्ली ने औषधि अनुसंधान, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए बोल्टन औषधि संस्थान विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एम्स ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस समझौता ज्ञापन पर दोनों संस्थानों के कार्यकारी अधिकारियों द्वारा एक वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए हस्ताक्षर किए गए। इसने बताया कि इस साझेदारी से कर्मचारी तथा विद्यार्थियों के आदान-प्रदान, शैक्षणिक सम्मेलन तथा सहयोगी डिग्री कार्यक्रम जैसी विभिन्न पहल की जा सकेंगी। इस समझौते का अभिवादन करते हुए एम्स के निदेशक प्रोफेसर एम. श्रीनिवास ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन वैश्विक चुनौतियों से निपटने तथा विश्व के साथ विशेषज्ञता को साझा करने में संस्थानों के लिए सहायक होगा। 0000000000000000000000

भारतीय वायु सेना ने आगरा में **उडान के समय आपातकालीन लैंडिग-एयरड्रॉप** के लिए अत्याधुनिक स्वदेशी मोबाइल चिकित्सा, **भीष्म क्यूब** का परीक्षण किया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह तकनीक किसी भी आपातकालीन स्थिति में चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने में मददगार होगी। **भीष्म कार्यक्रम** भारत स्वास्थ्य पहल का एक हिस्सा है। इसे लगभग दो सौ घायलों के उपचार के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

0000000000000000000000

राजधानी पुलिस ने कल तीन दलालों और तीन sexual assailants सहित छह और आरोपियों को गिरफ्तार किया और चिम्पू स्थित चिड़ियाघर रोड के एक लॉज से एक और नाबालिग पीड़ित लड़की को बचाया । इससे राजधानी में नाबालिग लड़कियों से जुड़े यौन तस्करी मामले में बचाए गए कुल पीड़ितों की संख्या पांच हो गई है और कुल गिरफ्तारियां इक्कीस हो गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक पुलिस उपाधीक्षक और दूसरा कांस्टेबल।

00000000000000000000

राजधानी ईटानगर में नाबालिगों से जुड़े अंतरराज्यीय तस्करी और वेश्यावृत्ति रैकेट के हालिया मामले के मद्देनजर, विभिन्न आयोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ितों के लिए न्याय का अनुरोध किया है। अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग ने कल पड़ोसी राज्य असम से नाबालिग लड़कियों की यौन तस्करी पर हैरानी और पीड़ा व्यक्त की। ईटानगर पुलिस के प्रयास की सराहना करते हुए, आयोग ने संबंधित अधिकारियों से राजधानी और उसके आसपास के होटलों, पार्लरों या किसी भी संदिग्ध क्षेत्रों पर निगरानी रखने का आग्रह किया, ताकि भविष्य में किसी नाबालिग या अन्य पीड़ितों को ऐसी घटनाओं का सामना न करना पड़े। 00000000000000000000

जल शक्ति मंत्रालय के ब्रह्मपुत्र बोर्ड के अध्यक्ष रणबीर सिंह ने पिछले 12 और 13 मई को पासीघाट का दौरा कर ईटानगर डिवीजन के तहत ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा निष्पादित की जा रही रेमी और ओयान स्थित दो परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने डब्ल्यूआरडी पासीघाट डिवीजन के तहत प्रस्तावित दो परियोजना स्थलों का भी दौरा किया।

डीसी, एसपी और अन्य के साथ बैठक के दौरान, अध्यक्ष ने कहा कि ब्रह्मपुत्र बोर्ड राज्य को तकनीकी मार्गदर्शन देने के लिए हमेशा तैयार है और बदले में उसे सहयोग की आवश्यकता है।

0000000000000000000000

लोअर सुबनसिरी जिला उपायुक्त द्वारा जारी एक आदेश में जिला परिषद अध्यक्ष और डीड की जिला परिषद सदस्य लिखा सांग चोर्रे, याजाली की जिला परिषद सदस्य जेम आइति, अपर याचुली की जिला परिषद सदस्य खोदा दिपुंग और पिस्ताना सेगमेंट की जिला परिषद सदस्‍य लिखा ताबो की सदस्यता समाप्त कर दी है। भाजपा की इस चार जेड पी एम ने नए जिले केयि पानियोर के गठन के बाद दो तिहाई बहुमत के दावे के साथ एन सी पी अजित पवार गुट में शामिल होने की कोशिश की थी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह स्टेट डिसिप्लिनरी एक्सन कमेटी के चेयरमैन ने जिला उपायुक्त के समक्ष इन चारों सदस्यों को आयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया था। भाजपा की अरुणाचल प्रदेश इकाई के प्रवक्ता तेची नेचाने कहा कि पंचायती राज अधिनियम के तहत दल बदल विरोधी कानून के अनुसार चारों जिला परिषद सदस्यों के खिलाफ हुई कार्रवाई।

0000000000000000000000